HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Fourteenth Session)

Questions For Oral Answer

Thursday, 10 March, 2022/19 Phalguna, 1943 (Saka)

[Chief Minister - Urban Development Minister - Technical Education Minister - Industries Minister - Health and Family Welfare Minister and Forest Minister].

Total No. of Questions - 47

Trans Giri Area

*5014 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai) :
Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji) :

Will the **Technical Education Minister** be pleased to state what is the latest position of declaring Trans Giri Area of Sirmaur as Tribal Area; details be laid on the Table of the House?

ट्रैफिक विंग

*5015 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार बन्जार में पुलिस ट्रैफिक विंग की स्थापना करने हेतु क्या पग उठा रही है?

वरिष्ठता लाभ

*5016 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार विभिन्न विभागों में अनुबन्ध से

नियमित हुए कर्मचारियों को नियुक्ति की तिथि से वरिष्ठता का लाभ देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

सड़क निर्माण

***5017 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-III के तहत सरकार कितनी सड़कों को पक्का करने का विचार रखती है; सड़कों के नाम व धनराशि सहित ब्यौरा दें?

राष्ट्रीय राजमार्ग

***5018 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश सरकार ने केन्द्र को कितने राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रस्ताव मंजूरी के लिए प्रेषित किए; प्रस्तावों की प्रतियां सभा पटल पर रखें; और

(ख) इन प्रेषित प्रस्तावों की मंज़ूरी प्राप्त हो गई है; यदि नहीं, तो इनकी मंज़ूरी में विलम्ब के कारणों सहित ब्यौरा दें?

जाति प्रमाण-पत्र

***5019 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गुज्जर समाज की लड़कियां जो दूसरे राज्यों से विवाह करके लाई हैं, क्या सरकार उनका जाति प्रमाण-पत्र बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पैवेलियन / मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स निर्माण

*5020 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल के पैवेलियन के निर्माण हेतु कितनी धनराशि जारी की गई है; इसके लिए कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) राजकीय महाविद्यालय जुखाला के मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन कब दिया गया; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा कितनी धनराशि जारी की गई; इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें?

सड़क तथा पुल निर्माण

*5021 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जनौल से जरल सड़क का निर्माण कार्य कब और किस योजना के अन्तर्गत आरम्भ किया गया; इस सड़क का निर्माण्ा कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धन्यारा पंचायत में नेरी खड्ड पर पुल का निर्माण कार्य कब शुरू किया गया तथा कितना प्रतिशत कार्य अब तक पूर्ण हो चुका है; इस पुल का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निहरी से चरखड़ी सड़क में 7 किलोमीटर तक सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक शुरु कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र में सिहली स्कूल से चहड़ी तक सड़क का कार्य कब शुरु हुआ व यह कार्य किस योजना के अन्तर्गत हो रहा है; सड़क का कितना प्रतिशत कार्य हो चुका है व सरकार इस कार्य को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***5022 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश गृह रक्षक के प्रशिक्षण संस्थान के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

पर्यटन को बढ़ावा

***5023 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने व बेरोजगार युवाओं को मुख्य मंत्री स्वावलम्बन योजना के तहत उनके घर-द्वार में जिला बिलासपुर के गोविन्द सागर और कोलडैम के जलाशयों में कश्मीर की तर्ज पर हाउस बोट और स्टीमर बोट चलाने की अनुमति देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अपने स्तर पर या बेरोजगार युवाओं को मुख्य मंत्री स्वावलम्बन योजना के तहत गोविन्द सागर जलाशय में सलापड़ से लुहणू घाट तक राफ्टिंग आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

आवास

***5024 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नागरिक अस्पताल ज्वाली में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ हेतु सरकार आवास बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

Inadequate Staff and Sewage Facility

***5025 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan) :**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Solan Nagar Nigam has inadequate Staff to deal with the newly created Nagar Nigam; by when the Government will provide adequate Staff for this Nagar Nigam; and

(b) is it a fact that newly created Solan Nagar Nigam does not cater for the sewage facilities as required in newly merged areas which got amalgamation during recent formation of Solan Nagar Nigam; if so, by when the Government will give priority to sewage facilities?

स्कीइंग (Skiing)

***5026 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जुब्बल तहसील के खड़ापत्थर गिरी-कुप्पड़ में पहले स्कीइंग (Skiing) की साध्यता (Feasibility) पर अध्ययन हुआ है; यदि नहीं, तो सरकार इस स्थल पर स्कीइंग आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

क्षतिग्रस्त पुलों का निर्माण

***5027 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि रिब्बा खड्ड पर मोटरेबल बैली ब्रिज का फाउन्डेशन बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुआ है व दोबारा बाढ़ आने पर यह पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है; इसके फाउन्डेशन व खड्ड के अपर स्ट्रीम व डाऊन स्ट्रीम को चैनेलाइजेशन करने का कार्य क्यों नहीं किया जा रहा है; और

(ख) यह भी सत्य है कि सतलुज नदी पर पवारी गांव के लिए जीपेबल पुल कई महीनों से क्षतिग्रस्त है; यदि हां, तो पुनः इस पुल को कब तक वाहन चलाने योग्य बना दिया जाएगा?

रेडियोथैरेपी विभाग के पद

***5028 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टाण्डा के अन्तर्गत रेडियोथैरेपी विभाग में सीनियर रेजिडेंट व विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं तथा इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

Status of Dupkan Flan Road

***5029 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) when was the foundation stone of construction of Dupkan Flan Road laid;

(b) what is the length of the proposed road;

(c) how many kilometres of road is constructed upto 01.02.2022 and by when is the completion expected; and

(d) what was the date of completion as per the original contract awarded?

एस0डी0एम0 कार्यालय

***5030 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लडभड़ोल तहसील में अभी तक स्थायी एस0डी0एम0 कार्यालय नहीं खोला गया है; सरकार कब तक लडभड़ोल में स्थायी एस0डी0एम0 कार्यालय खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Construction Work of Bridges

***5031 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) by when the construction work of Motorable Bridge at Thachi Khud and

foot bridge Pandoa to Parlog at Satluj River will be started; and

(b) how much time will be taken for its completion; details be given?

High Security Number Plate

***5032 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that all vehicles are to get High Security Number Plate compulsory under Law;

(b) is this applicable on all vehicles or only new vehicles; and

(c) whether there is any facility to get such plates made in Chamba District; if yes, where; details be given?

ब्लैक लिस्ट ठेकेदार

***5033 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में कितने ठेकेदार लोक निर्माण विभाग ने ब्लैक लिस्ट किए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार, ब्लैक लिस्ट ठेकेदारों के नामवार तथा ब्लैक लिस्ट करने के कारणों सहित दें?

Indoor Stadium

***5034 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how much funds have been sanctioned for the Indoor Stadium in Palampur Assembly Constituency; and

(b) is it a fact that the funds sanctioned have been transferred from Xen-PWD to Sports Department; if so, reasons thereof; details be given?

एंट्री शुल्क

***5035 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राज्य के भीतर व बाहर विभिन्न स्थानों के लिए चलने वाली निजी बसें या अन्य निजी सार्वजनिक परिवहन वाहन जोकि मात्र 10 किलोमीटर से भी कम रास्ते का सफर तय करके हिमाचल में प्रवेश करते हैं उन्हें हिमाचल एंट्री बैरियर में एंट्री शुल्क में कोई छूट का प्रावधान किया गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार निजी पब्लिक/सार्वजनिक परिवहन वाहनों के लिए राज्य एंट्री शुल्क में छूट का प्रावधान देने में विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Pen down Protest

***5036 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) is it correct that the Medical Officers have gone on two hours pen down protest in the recent past; have they submitted any kind of demand letter to the Government on the issue of their protest; if yes, what are the reasons for not negotiating on the issues of the Medical Officers;

(b) is it correct that the IAS Officers have been provided a time scale and the Medical Officers have been denied of the 4-9-14 promotional scale; the NPA having been reduced from 25% to 20% and the same have been delinked from the basic pay; and

(c) what is the pay scale with all other allowances being paid to the Medical Officers in Punjab; what is the differences in the two pay scales of Punjab and Himachal Pradesh; provide a detailed comparative analysis of the two pay scales as revised by the State of Punjab and Himachal Pradesh; details be given?

भांग की व्यावसायिक खेती

***5037 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के कुछ भागों में सरकार

भांग की व्यावसायिक खेती करवाने हेतु कोई योजना बना रही है; यदि हां, तो कौन-कौन से क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं तथा किस एन0जी0ओ0 या कम्पनी को इसके लिए अधिकृत किया गया है; ब्यौरा दें?

अग्निशमन केंद्र

***5038 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़ में अग्निशमन केन्द्र कब तक स्थापित कर दिया जाएगा?

गंदड़ सियारा कुड़ाना सड़क

***5039 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गंदड़ सियारा कुड़ाना सड़क वर्ष 2018 में बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई थी; यदि हां, तो इसकी मरम्मत कब तक कर दी जाएगी?

मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना

***5040 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सिरमौर जिला में मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि जारी की गई व इस धनराशि को कहां-कहां व्यय किया गया; विवरण वर्षवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

बस अड्डा निर्माण

***5041 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सैंज घाटी में प्रस्तावित बस अड्डे के निर्माण के लिए वन अनापत्ति प्रमाण-पत्र की अद्यतन स्थिति क्या है; सरकार कब तक इस बस अड्डे का शिलान्यास करने का विचार रखती है

तथा इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?

पदोन्नति

***5042** **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार के ऐसे कौन-कौन से विभाग हैं जिनमें कर्मचारियों को श्रेणी-III से सीधे श्रेणी-I में पदोन्नत करने का प्रावधान है; ब्यौरा दें?

लुहरी से नोर सड़क

***5043** **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार लुहरी से नोर सड़क को एम0डी0आर0 (MDR) के अन्तर्गत सम्मिलित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

शराब ठेकों की नीलामी

***5044** **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली) :**
श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक राज्य के आबकारी एवं कराधान विभाग ने कितनी बार शराब के ठेकों व एल-1 की नीलामी की है; ब्यौरा दें;

(ख) यदि नहीं, तो वर्तमान व्यवस्था क्या चल रही है;

(ग) इस अवधि में नीलामी से प्रत्येक वर्ष कितना राजस्व अर्जित किया गया; ब्यौरा वर्षवार दें;

(घ) प्रदेश में कितने ठेकेदारों ने विभाग को तय धनराशि का कितना भुगतान नहीं किया तथा उन ठेकेदारों पर क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ङ) राज्य में अवैध शराब के कारोबार का कोई आकलन विभाग द्वारा किया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

सायरी ममलिग कुनिहार नालागढ़ सड़क

***5045 श्री परमजीत सिंह (दून)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सायरी-ममलिग-कुनिहार-नालागढ़ सड़क की हालत दयनीय है; यदि हां, तो सरकार इसकी मरम्मत हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

अवैध खनन

***5046 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक प्रदेश में अवैध खनन के कितने मामले दर्ज किए गए, कितने कंपाउंड किए गए, कितने मामले न्यायालय में लम्बित हैं; कितने मामलों में जुर्माने के तौर पर कितनी धनराशि प्राप्त हुई; और

(ख) सरकार अवैध खनन को रोकने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

निहारी वन विश्राम गृह

***5047 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निहारी में वन विभाग के विश्राम गृह का शिलान्यास कब व किसके द्वारा किया गया; वर्तमान में कितना प्रतिशत कार्य किया गया है व कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

कार्यालयों का स्थानान्तरण

***5048 श्री संजय अवस्थी (अर्की)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार शिमला में स्थापित विभिन्न कार्यालयों में से कुछेक कार्यालयों को साथ लगते विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानांतरित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

आर0टी0ओ0 के पद

***5049 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कितने आर0टी0ओ0 हिमाचल प्रशासनिक सेवा से सम्बन्धित हैं;

(ख) कितने पदोन्नत होकर आर0टी0ओ0 के पद पर कार्यरत हैं; आर0टी0ओ0 कार्यालयवार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को ही आर0टी0ओ0 नियुक्त करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

जल परिवहन

***5050 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार पौंग झील में जल परिवहन सुविधा को आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें; और

(ख) इस परिवहन सुविधा के आरम्भ होने से कितने शहर लाभान्वित होंगे; ब्यौरा दें?

MLA Priorities

***5051 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 01.02.2022, how many schemes under MLA priorities have been prepared and how many are still pending in Solan Assembly Constituency; by when these schemes will be completed?

धनराशि का आबंटन

***5052 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई) :**
श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक ए0एम0पी0 के तहत प्रदेश में कितनी धनराशि आबंटित की गई तथा सम्पर्क सड़कों की टारिंग की प्रति किलोमीटर लागत क्या है; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) ए0एम0पी0 के तहत किस मापदंड पर मण्डलों को धनराशि आबंटित की जाती है;

(ग) इस अवधि में जुब्बल कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को कितनी धनराशि आबंटित की गई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(घ) वर्तमान में ए0एम0पी0 की मैटलिंग व टारिंग की क्या स्पेसीफिकेशन हैं; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5053 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजीव गाँधी राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा बगवां, जिला काँगड़ा में कितने वाहन हैं; इस महाविद्यालय में चालकों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; और

(ख) ये पद कब से रिक्त हैं व सरकार इन्हें कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

नई राहें-नई मंजिलें

***5054 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में 'नई राहें-नई मंजिलें' योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा ज़िलावार दें;

(ख) कुल्लू जिला में अब तक कौन सी योजना 'नई राहें-नई मंजिलें' के तहत बनी है; और

(ग) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कौन-कौन सी योजनाएं इसमें प्रस्तावित हैं; ब्यौरा दें?

दैनिकी वेतनभोगी

*5055 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिकी वेतनभोगी कर्मचारियों को सरकार नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Devidhar-Emari-Shiddal Road

*5056 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the time frame fixed for the completion of construction work of Devidhar-Emari-Shiddal Road; and

(b) by what time this Ambulance road will be used for public; details be given?

पदपूर्ति

*5057 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नागरिक अस्पताल फतेहपुर व रैहन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजा का तालाब एवं धमेटा में डॉक्टरों व अन्य श्रेणियों के स्वीकृत व रिक्त पदों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों का ब्यौरा केंद्रवार दें; और

(ख) नागरिक अस्पताल फतेहपुर व रैहन में स्पेशलिस्ट डॉक्टर जैसे कि एम0डी0 मैडिसन, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, गायनोकोलॉजिस्ट को नियुक्ति प्रदान करने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

DCP Funds

***5058 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) are the allotment of DCP funds a Constitutional requirement or a Discretionary Grant; is there any procedure laid down for its allotment under law; if yes, any guidelines for its distribution, procedure for checking its utilization be given;

(b) what percentage of funds have been alloted to the Narkanda Block since the financial year 2018 -19; provide a break-up as per the two Zilla Parishad wards of Bhutti earlier Jarol and Kumarsain and on who's request have the funds been alloted by the sanctioning authority; provide a copy of the request letter and the number of the beneficiaries for whom the funds were alloted;

(c) how many requests of a MLA for allotment of schemes were rejected by the sanctioning committee; reasons for rejection; have they been recorded by the concerned committee; provide a copy of the rejection alongwith the signature of the competent authority; and

(d) has any representation been made by the MLA alleging discrimination in allotment of funds of the DCP; if yes, was the representation discussed / examined; what decision was taken on it; provide all details along with the minutes recorded on the file?

बस सेवा

***5059 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार राजगढ़ बस सब-डिपो में बसों व रूटों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सोलन से लेऊनाना तक बस चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

इन्डोर स्टेडियम

***5060 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने इन्डोर स्टेडियम हैं जिनका निर्माण कार्य लम्बित है; ब्यौरा दें; और

(ख) चम्बा ज़िला में इन्डोर स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।